Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

CEN 07/2024 - मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कोटियाँ / CEN 07/2024 - Ministerial & Isolated Categories

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/09/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | Music Teacher |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Professional Ability**

**Q.1** भारतीय संगीत में, एक नोट (स्वर) कब समृद्ध और पूर्ण लगता है?

Ans
✗ A. जब केवल श्रुति मौजूद हो
✗ B. जब विस्पन्दों को हटा दिया जाए
✓ C. जब मूल स्वर और अधिस्वरक दोनों मौजूद हों
✗ D. जब कोई गुणित-स्वर (harmonics) मौजूद न हो

**Q.2** आधुनिक हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत संकेतन और व्यवस्थितकरण का जनक किसे माना जाता है?

Ans
✓ A. विष्णु नारायण भातखंडे
✗ B. अमीर खुसरो
✗ C. पंडित रविशंकर
✗ D. तानसेन

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, इलेक्ट्रॉनिक मेल (ई-मेल) को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

Ans
✗ A. डिजिटल लेटर को स्थायी रूप से स्टोर करने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक स्टोरेज डिवाइस
✓ B. यूजर को इंटरनेट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मैसेज भेजने और प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने वाला एक सिस्टम
✗ C. केवल रियल टाइम में चैटिंग के लिए उपयोग किया जाने वाला एक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन
✗ D. यूजर को केवल इंटरनेट पर वॉइस मैसेज भेजने की सुविधा प्रदान करने वाला एक संचार टूल

**Q.4** यदि तानपुरा के तार की आवृत्ति दोगुनी कर दी जाए (वेग को अपरिवर्ती रखते हुए), तो उसकी तरंगदैर्घ्य ____________।

Ans
✗ A. शून्य हो जाएगी
✗ B. दोगुनी हो जाएगी
✓ C. आधी हो जाएगी
✗ D. अपरिवर्ती रहेगी

**Q.5** भरत मुनि का नाट्यशास्त्र मुख्यतः किससे संबंधित है?

Ans
✓ A. एक एकीकृत प्रदर्शन कला के रूप में नाटक, नृत्य और संगीत, जिसमें रस सिद्धांत, मंच तकनीक और संगीत के नियम शामिल हैं।
✗ B. केवल लोकगीत
✗ C. केवल वोकल संगीत
✗ D. केवल वाद्य संगीत

Adda247

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

**1,00,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**25,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

**Q.6** **समय सिद्धांत के अनुसार, किस राग का गायन पारंपरिक रूप से प्रातःकाल में किया जाता है?**

Ans
- ✗ A. राग यमन
- ✓ B. राग भैरव
- ✗ C. राग हंसध्वनि
- ✗ D. राग मालकौंस

**Q.7** **संगीत सुनने और उसकी प्रशंसा करने के बीच संबंध के बारे में कौन-सा कथन सही है?**

Ans
- ✗ A. प्रशंसा सुनने को पूरी तरह से नज़रअंदाज कर देती है।
- ✗ B. संगीत को समझने के लिए सुनना पर्याप्त है।
- ✗ C. सुनना और प्रशंसा परस्पर अनन्य हैं।
- ✓ D. प्रशंसा करने के लिए प्रशिक्षित श्रवण और समीक्षात्मक विचार की आवश्यकता होती है।

**Q.8** **समय-राग मैट्रिक्स में, राग भैरवी को अपवाद माना जाता है क्योंकि ___________।**

Ans
- ✓ A. यह एक सम्पूर्ण राग है जो अपनी मनोदशा के लचीलेपन के कारण किसी भी प्रहर में गाई जा सकती है
- ✗ B. यह प्रहर-आधारित न होकर मौसमी है
- ✗ C. इसे केवल सूर्योदय के समय गाया जाता है
- ✗ D. इसे रात में नहीं गाया जा सकता है

**Q.9** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, अकबर के दरबार में तानसेन के संगीत नवाचारों के दीर्घकालिक प्रभाव की सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है?**

Ans
- ✓ A. उन्होंने फ़ारसी और भारतीय तत्वों के सम्मिश्रण को जन्म दिया और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को आकार दिया।
- ✗ B. उन्होंने विशुद्ध फ़ारसी स्वर-शैली को अपनाया और भारतीय रागों के उपयोग को कम कर दिया।
- ✗ C. उन्होंने शाही परिवेश में केवल भक्ति संगीत को ही प्रोत्साहित किया।
- ✗ D. वे मुग़ल दरबार तक ही सीमित रहे और उनका कोई और प्रभाव नहीं पड़ा।

**Q.10** **भातखंडे के संकेतन में उच्च सप्तक (तार सप्तक) को किस प्रकार दर्शाया जाता है?**

Ans
- ✗ A. बोल्ड अक्षरों के द्वारा
- ✗ B. स्वर के नीचे एक बिंदु द्वारा
- ✗ C. स्वर के ऊपर एक रेखा के द्वारा
- ✓ D. स्वर के ऊपर एक बिंदु के द्वारा

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सा, प्लक्ड स्ट्रिंग इंस्ट्रूमेंट (plucked string instrument) है?**

Ans
- ✗ A. सारंगी (Sarangi)
- ✗ B. संतूर (Santoor)
- ✗ C. वायलिन (Violin)
- ✓ D. वीणा (Veena)

**Q.12** **बड़े गुलाम अली खां के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

Ans
- ✗ A. उन्होंने जयपुर-अतरौली घराने की स्थापना की।
- ✗ B. वे मुख्यतः टप्पा की संगीत रचना करते थे।
- ✓ C. वे ख़याल और ठुमरी दोनों में पारंगत थे और अपनी स्वर-विविधता और अलंकरण के लिए जाने जाते थे।
- ✗ D. वे केवल ध्रुपद का ही प्रदर्शन करते थे।

**Q.13** **ख्याल प्रदर्शन में, अलाप और बोल-अलाप के बीच संरचनात्मक अंतर को सबसे अच्छी तरह से किस प्रकार समझा जा सकता है?**

Ans
- ✗ A. दोनों ही लय-रहित विस्तार हैं जिनमें कोई अंतर नहीं है
- ✗ B. अलाप राग के नियमों की उपेक्षा करता है; बोल-अलाप व्याकरण का सख्ती से अनुपालन करता है
- ✓ C. अलाप स्वर-आधारित अन्वेषण है, जबकि बोल-आलाप साहित्य को राग विकास के साथ एकीकृत करता है
- ✗ D. अलाप केवल लयबद्ध है; बोल-अलाप केवल रागात्मक है

Adda247

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संगीत में सुगम संगीत (Light Music) के क्षेत्र का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. इसमें भक्ति और लोक संगीत का प्रभाव शामिल नहीं है।
- ✗ B. यह केवल वाद्य संगीत तक ही सीमित है।
- ✗ C. यह विशुद्ध रूप से शास्त्रीय है और रागों के संपूर्ण नियमों का पालन करता है।
- ✓ D. यह जन-आकर्षक प्रभाव के लिए शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय और लोक संगीत के तत्वों का मिश्रण करता है।

Q.15 वैदिक ग्रंथों में वर्णित सबसे प्राचीन तार वाद्य यंत्र कौन-सा माना जाता है?

Ans
- ✗ A. तानपुरा
- ✗ B. सितार
- ✓ C. वीणा
- ✗ D. सरोद

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा, बोल तान को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

Ans
- ✗ A. लय के बिना धीमी स्वर-शैली का विस्तारण
- ✗ B. स्थिर सांगीतिक रचना सस्वर-पाठ
- ✗ C. सांगीतिक रचना का केवल वाद्य यंत्रों पर वादन
- ✓ D. सांगीतिक रचना (composition) के टेक्स्ट का उपयोग करके तेज़ स्वरानुक्रम-शैली का प्रदर्शन

Q.17 कौन-सी विशेषता राग भीमपलासी को राग पटदीप से भिन्न बनाती है?

Ans
- ✗ A. अवरोह में पटदीप, ऋषभ का उपयोग नहीं करता है
- ✗ B. भीमपलासी तीव्र म (Tivra Ma) का उपयोग करता है
- ✗ C. पटदीप केवल शुद्ध ग (Shuddh Ga) का उपयोग करता है
- ✓ D. भीमपलासी कोमल ग (Komal Ga) और कोमल नि (Komal Ni) का उपयोग करता है

Q.18 सौंदर्य की दृष्टि से, मुर्की ______ संगीत की सराहना में योगदान देता है।

Ans
- ✗ A. केवल बंदिश और तान के बीच संक्रमण के रूप में कार्य करके
- ✗ B. लयबद्ध स्पष्टता के लिए राग को अलग करके
- ✓ C. तीव्र, नाजुक अलंकरण के माध्यम से स्वर शुद्धता पर जोर देकर, वाक्यांशों में सूक्ष्म अभिव्यक्ति जोड़कर
- ✗ D. भावनात्मक प्रभाव के बिना यांत्रिक अलंकरण प्रदान करके

Q.19 किस राग पकड़ में 'नी रे गा मा# पा, मा# गा रे सा' आते हैं?

Ans
- ✗ A. राग भैरव
- ✗ B. राग देश
- ✓ C. राग यमन
- ✗ D. राग हंसध्वनि

Q.20 हिंदुस्तानी संगीत में घरानों का वैचारिक महत्व यह है कि वे _________ ।

Ans
- ✓ A. विकसित होते सौंदर्य दर्शन, वंश-विशिष्ट तकनीकों और क्षेत्रीय रूप से सूक्ष्म राग व्याख्याओं का निरूपण करते हैं
- ✗ B. सभी अलंकरणों को एक ही विधि में मानकीकृत करते हैं
- ✗ C. केवल प्रदर्शन शिष्टाचार के रूप में कार्य करते हैं
- ✗ D. कार्यात्मक प्रासंगिकता के बिना केवल लेबल हैं

Q.21 यदि किसी ध्वनि का आयाम दोगुना कर दिया जाए तो उसकी प्रबलता पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✗ A. इसकी प्रबलता अपरिवर्तित रहती है।
- ✗ B. इसकी प्रबलता दोगुनी हो जाती है।
- ✓ C. इसकी प्रबलता चार गुना हो जाती है।
- ✗ D. इसकी प्रबलता आधी हो जाती है।

Adda247

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत के बीच का अंतर सर्वोत्तम रूप से बताता है?

**Ans**
- ✗ A. दोनों की शैली समान है
- ✗ B. लोक संगीत में शास्त्रीय संगीत की तुलना में अधिक आशु रचना (improvisation) होती है।
- ✓ C. शास्त्रीय – औपचारिक, संरचित, राग-ताल और आशु रचना (improvisation) पर आधारित; लोक – अनौपचारिक, सामुदायिक, मौखिक रूप से प्रचलित, सरल संरचना
- ✗ D. शास्त्रीय संगीत केवल खुले स्थान पर ही प्रस्तुत किया जाता है।

**Q.23** निम्नलिखित में से कौन-सा, पलुस्कर की स्वरलिपि पद्धति के पीछे उनके शैक्षिक दर्शन को दर्शाता है?

**Ans**
- ✓ A. सामूहिक और संस्थागत शिक्षण के लिए स्वरलिपि को सरल बनाया जाना चाहिए।
- ✗ B. स्वरलिपि में घराना-विशिष्ट परंपराओं का संरक्षण होना चाहिए।
- ✗ C. संगीत की तात्कालिक प्रकृति के अनुरूप स्वरलिपि जटिल होना चाहिए।
- ✗ D. स्वरलिपि में पश्चिमी रेखा पद्धति (staff system) का पालन किया जाना चाहिए।

**Q.24** सत्यजीत रे की फिल्मों में पृष्ठभूमि संगीत सामान्यतः किस प्रकार का होता है?

**Ans**
- ✓ A. अल्पतम, यथार्थचित्रण का वर्धन करता हुआ
- ✗ B. आख्यान से असंबन्धित
- ✗ C. दृश्यों से प्रबल
- ✗ D. केवल गीत अनुक्रमों में प्रयुक्त

**Q.25** किराना घराने (Kirana Gharana) की मुख्य विशेषता क्या है?

**Ans**
- ✗ A. ध्रुपद तत्वों का समावेश
- ✓ B. स्वरों की शुद्धता और मींड (ग्लाइड) का प्रयोग
- ✗ C. बोलबंत (आक्षरिक वादन) और लय पर प्रबलन
- ✗ D. जटिल सांगीतिक रचनाओं का प्रदर्शन

**Q.26** निम्नलिखित में से कौन-सा हिन्दी गीतों में प्रयुक्त मात्रिक (मात्रा-आधारित) छंद है?

**Ans**
- ✗ A. शिखरिणी
- ✗ B. मंदाक्रांता
- ✓ C. दोहा
- ✗ D. शार्दूलविक्रीडित

**Q.27** तीव्र गति, जटिल स्वर पैटर्न की विशेषता वाली कौन-सी शैली है, जिसकी शुरुआत पंजाब में हुई थी?

**Ans**
- ✗ A. ख़याल (Khayal)
- ✗ B. ठुमरी (Thumri)
- ✗ C. ध्रुपद (Dhrupad)
- ✓ D. टप्पा (Tappa)

**Q.28** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भरत मुनि और शारंगदेव को उनके ऐतिहासिक संदर्भ के आधार पर विभेदित करता है?

**Ans**
- ✗ A. दोनों ने समान काल में रचनाएँ कीं
- ✗ B. भरत ने लोक संगीत पर ध्यान केंद्रित किया; शारंगदेव ने केवल नाटक पर ध्यान केंद्रित किया
- ✗ C. शारंगदेव ने रागात्मक सिद्धांत की उपेक्षा की
- ✓ D. भरत मुनि (प्राचीन काल) - रस और अभिनय कलाओं का मूलभूत सिद्धांत; शारंगदेव (मध्यकाल) - राग-ताल और अलंकरण सहित विस्तृत संगीतशास्त्रीय वर्गीकरण

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | प्राइमरी और सेकेंडरी मेमोरी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? | |
| Ans | ✗ A. सेकेंडरी मेमोरी वोलेटाइल होती है अर्थात बिजली बंद होने पर डेटा नष्ट हो जाता है, जबकि प्राइमरी मेमोरी नॉन-वोलेटाइल होती है और डेटा को बरकरार रखती है। | |
| | ✗ B. प्राइमरी मेमोरी का उपयोग दीर्घकालिक स्टोरेज के लिए किया जाता है, जबकि सेकेंडरी मेमोरी का उपयोग डेटा के अस्थायी स्टोरेज के लिए किया जाता है। | |
| | ✓ C. प्राइमरी मेमोरी फास्ट होती है, लेकिन इसकी स्टोरेज कैपेसिटी कम होती है, जबकि सेकेंडरी मेमोरी स्लो होती है, लेकिन अधिक स्टोरेज कैपेसिटी प्रदान करती है। | |
| | ✗ D. अनुदेशों के प्रोसेसिंग के लिए प्राइमरी और सेकेंडरी मेमोरी दोनों ही CPU द्वारा सीधे एक्सेसिबल होती हैं। | |

| | |
|---|---|
| Q.30 | भारतीय शास्त्रीय संगीत में, तारता-अंतर (श्रुति भेद) की सटीक धारणा _________ पर निर्भर करती है। |
| Ans | ✗ A. अधिस्वरक उन्मूलन |
| | ✓ B. कान के आवृत्ति समाधान |
| | ✗ C. स्वर की प्रबलता |
| | ✗ D. वायु में ध्वनि की गति |

| | |
|---|---|
| Q.31 | 7 मात्राओं वाला ताल कौन-सा है? |
| Ans | ✗ A. तीनताल |
| | ✓ B. रूपक |
| | ✗ C. दादरा |
| | ✗ D. कहरवा |

| | |
|---|---|
| Q.32 | पश्चिमी रेखा स्वरलिपि, भारतीय पद्धतियों (भातखंडे और पलुस्कर) से मौलिक रूप से किस प्रकार भिन्न है? |
| Ans | ✗ A. यह लयबद्ध विभाजनों का प्रयोग नहीं करता है। |
| | ✓ B. यह स्थिर तारता, पाँच-पंक्ति स्वरलिपिरेखा और समय चिह्नों का प्रयोग करता है। |
| | ✗ C. यह केवल देवनागरी लिपि का प्रयोग करता है। |
| | ✗ D. यह निरपेक्ष तारता के बजाय सापेक्ष तारता का प्रयोग करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.33 | अकबर के समय में दरबारी संगीतकारों द्वारा किस संगीत शैली को सबसे अधिक बढ़ावा दिया गया था? |
| Ans | ✗ A. ख़याल |
| | ✗ B. टप्पा |
| | ✗ C. ठुमरी |
| | ✓ D. ध्रुपद |

| | |
|---|---|
| Q.34 | किस ग्रंथ ने पहली बार शास्त्रीय और लोक परंपराओं में अंतर करते हुए 'मार्ग' और 'देसी' संगीत की अवधारणा प्रस्तुत की? |
| Ans | ✗ A. चतुर्दण्डीप्रकाशिका |
| | ✗ B. संगीत रत्नाकर |
| | ✓ C. बृहद्देशी |
| | ✗ D. नाट्य शास्त्र |

| | |
|---|---|
| Q.35 | कंप्यूटर में CPU का कार्य क्या है? |
| Ans | ✗ A. यह केवल ग्राफ़िक्स प्रोसेसिंग को हैंडल करता है। |
| | ✗ B. यह सभी यूजर फ़ाइलों को स्थायी रूप से स्टोर करता है। |
| | ✗ C. यह कंप्यूटर को इंटरनेट से कनेक्ट करता है। |
| | ✓ D. यह अंकगणितीय और तार्किक संक्रियाएं करता है। |

Adda247

**Q.36** भारतीय सौंदर्य परम्परा के अनुसार निम्नलिखित में से किसे ललित कलाओं में सर्वोच्च माना जाता है?

Ans
- ✔ A. संगीत
- ✗ B. मूर्तिकला
- ✗ C. चित्रकला
- ✗ D. वास्तुकला

**Q.37** भारत के सबसे प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत समारोहों में से एक, तानसेन समारोह, प्रतिवर्ष कहाँ आयोजित किया जाता है?

Ans
- ✗ A. वाराणसी
- ✗ B. लखनऊ
- ✔ C. ग्वालियर
- ✗ D. भोपाल

**Q.38** अनुनाद तब होता है जब ________।

Ans
- ✗ A. आयाम सदैव अधिकतम होता है
- ✗ B. माध्यम कंपन नहीं करता है
- ✔ C. बाह्य बल की आवृत्ति, प्रणाली की प्राकृतिक आवृत्ति से मेल खाती है
- ✗ D. ध्वनि का वेग अनिश्चित रूप से बढ़ता है

**Q.39** निम्नलिखित में से कौन-सा, कर्नाटक शास्त्रीय संगीत शैली का एक उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. लावणी
- ✔ B. वर्णम
- ✗ C. ध्रुपद
- ✗ D. ग़ज़ल

**Q.40** निम्नलिखित में से कौन-सी, ठुमरी (Thumri) की विशिष्ट संगीत विशेषता है?

Ans
- ✗ A. केवल विलम्बित लय में गाया जाता है
- ✗ B. राग व्याकरण का संपूर्ण रूप से पालन
- ✗ C. रूमानी कविता (romantic poetry) से परिहार
- ✔ D. भावात्मक अभिव्यक्ति पर बल देने के लिए राग-लय में स्वतंत्रता और बोल-बनाव का उपयोग

**Q.41** यदि सितार के दो तारों को 200 Hz और 202 Hz पर समस्वरित किया जाए, तो सुनाई देने वाली विस्पंद आवृत्ति क्या होगी?

Ans
- ✗ A. 1 Hz
- ✗ B. 402 Hz
- ✔ C. 2 Hz
- ✗ D. 4 Hz

**Q.42** कौन-सा कथन सबसे परिशुद्ध है?

Ans
- ✗ A. प्रशंसा और सुनना एक दूसरे से असंबंधित हैं।
- ✗ B. सुनने से पहले प्रशंसा आती है।
- ✗ C. सुनना केवल प्रशिक्षित कानों से ही संभव है; प्रशंसा के लिए प्रयास की आवश्यकता नहीं होती।
- ✔ D. सुनना पहला कदम है; प्रशंसा के लिए गहन भागीदारी की आवश्यकता होती है।

**Q.43** किस ग्रंथ को प्राचीन काल से संगीत सहित भारतीय प्रदर्शन कलाओं पर सबसे प्रारंभिक व्यवस्थित ग्रंथ माना जाता है?

Ans
- ✗ A. बृहद्देशी (Brihaddeshi)
- ✗ B. संगीतरत्नाकर (Sangitaratnakara)
- ✗ C. दत्तिलम (Dattilam)
- ✔ D. नाट्यशास्त्र (Natyashastra)

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.44** तबला किस श्रेणी में आता है?

Ans
- ✗ A. तत्
- ✗ B. सुषिर
- ✗ C. घन
- ✓ D. अवनद्ध

**Q.45** शारंगदेव को किस महत्वपूर्ण ग्रंथ के लेखन के लिए जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. संगीत पारिजात
- ✓ B. संगीत रत्नाकर
- ✗ C. नाट्य शास्त्र
- ✗ D. बृहद्देशी

**Q.46** निम्नलिखित में से कौन-सा, आउटपुट डिवाइस का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. की-बोर्ड
- ✓ B. प्रिंटर
- ✗ C. माउस
- ✗ D. स्कैनर

**Q.47** किसी हॉल में अनुरणन (reverberation) का समय मुख्यतः ___________ पर निर्भर करता है।

Ans
- ✗ A. केवल ध्वनि स्रोत की आवृत्ति
- ✓ B. हॉल के आयतन और पृष्ठों के अवशोषण गुणांक
- ✗ C. केवल दीवारों की ऊँचाई
- ✗ D. खिड़कियों की संख्या

**Q.48** राग-रागिनी पद्धति में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. प्रत्येक राग में ठीक पाँच रागिनी होती हैं।
- ✓ B. प्रत्येक राग को कई पत्नियाँ (wives) आवंटित की जाती हैं जिन्हें रागिनी कहा जाता है।
- ✗ C. रागिनी केवल सैद्धांतिक होती हैं और उनकी कोई रागात्मक पहचान नहीं होती।
- ✗ D. रागिनी विभिन्न ऋतुओं को दर्शाती हैं।

**Q.49** संगीत को ध्रुपद, ख्याल, ठुमरी, टप्पा आदि में किस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है?

Ans
- ✗ A. कलाकार की वेशभूषा
- ✗ B. मंच की स्थापना
- ✗ C. केवल दर्शकों की पसंद
- ✓ D. रूप, संरचना, विस्तार और अलंकरण की शैली

**Q.50** प्रस्तुति अभ्यास में कौन-सी विशेषता मुख्य रूप से ध्रुपद (Dhrupad) को खयाल (Khayal) से भिन्न बनाती है?

Ans
- ✓ A. ध्रुपद में आलाप-स्वर विस्तार और सख्त लयबद्ध चक्रों पर बल दिया जाता है
- ✗ B. बोल तान का प्रयोग ध्रुपद में ही होता है
- ✗ C. ध्रुपद में केवल तेज़ लय का प्रयोग किया जाता है
- ✗ D. खयाल राग उपज (Improvisation) का सामान्यतः उपयोग नहीं करता है

Section : **General Ability**

Adda247

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ A. PMI
✘ B. QMJ
✘ C. OKH
✘ D. FBY

Q.52 चंद्रमा पृथ्वी की तुलना में वस्तुओं को कम बल से क्यों खींचता है?

Ans
✘ A. चंद्रमा सूर्य से अधिक दूर है।
✔ B. चंद्रमा का द्रव्यमान, पृथ्वी के द्रव्यमान से कम है।
✘ C. चंद्रमा का द्रव्यमान, पृथ्वी के द्रव्यमान से अधिक है।
✘ D. चंद्रमा पर बिल्कुल भी गुरुत्वाकर्षण नहीं है।

Q.53 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 805 643 328 572 256 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं, बाएं से दाएं की जानी है।)

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटा दिया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✘ A. 1
✘ B. 2
✔ C. 0
✘ D. 3

Q.54 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 ÷ 4 – 12 × 2 + 10 = ?

Ans
✔ A. 92
✘ B. 62
✘ C. 78
✘ D. 86

Adda247

Q.55 कटोरे के तल में रखा सिक्का, कटोरे में जल डालने पर ऊपर उठा हुआ क्यों दिखाई देता है?

Ans
✘ A. क्योंकि सिक्का जल द्वारा आवर्धित हो जाता है
✘ B. क्योंकि जल अधिक प्रकाश परावर्तित करता है
✘ C. क्योंकि जल डालने पर सिक्का तैरने लगता है
✔ D. प्रकाश के अपवर्तन के कारण

Q.56 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) N N I M L Z X A S H J I B O L U O Y H I U H (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनके ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
✔ A. 4
✘ B. 3
✘ C. 6
✘ D. 5

Q.57 भारतीय संविधान के राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP), __________ में उल्लिखित 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ इंस्ट्रक्शन' के सदृश हैं।

Ans
- ✗ A. 1909 के भारतीय परिषद अधिनियम
- ✓ B. 1935 के भारत सरकार अधिनियम
- ✗ C. 1919 के भारत सरकार अधिनियम
- ✗ D. 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम

Q.58 अजय और चिंटू के पास कुल 1,260 कंचे हैं। यदि अजय के पास कंचों की संख्या का $\frac{6}{5}$ भाग, चिंटू के पास कंचों की संख्या के $\frac{2}{3}$ भाग के बराबर है, तो अजय के पास कितने कंचे हैं?

Ans
- ✗ A. 801
- ✗ B. 810
- ✓ C. 450
- ✗ D. 405

Q.59 अरावली पर्वतमाला निम्नलिखित में से किस राज्य में विस्तृत है?

Ans
- ✗ A. हिमाचल प्रदेश
- ✓ B. राजस्थान
- ✗ C. तमिलनाडु
- ✗ D. केरल

Q.60 अभिकथन (A) और कारण (R) से क्रमांकित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): वैद्युतअपघटनी परिष्करण में, अविलेय अशुद्धियाँ एनोड के तल पर बैठ जाती हैं।
कारण (R): ये अशुद्धियाँ वैद्युत अपघट्य में विलय नहीं होती हैं।

Ans
- ✓ A. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
- ✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✗ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✗ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

Q.61 ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक निम्नलिखित में से किसने जीता?

Ans
- ✗ A. मिल्खा सिंह
- ✓ B. नीरज चोपड़ा
- ✗ C. रोहन बोपन्ना
- ✗ D. पी.टी. उषा

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MIND' को '5691' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DINE' को '9465' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 1
- ✗ C. 5
- ✓ D. 4

Adda247

Q.63 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

26 B 2 C 6 A 2 D 9 = ?

Ans
✔ A. 46
✘ B. 31
✘ C. 42
✘ D. 38

Q.64 ____________ से वाष्पीकरण दर में वृद्धि होती है।

i. पृष्ठ क्षेत्र में वृद्धि
ii. तापमान में वृद्धि
iii. आर्द्रता में कमी

Ans
✘ A. केवल (ii) और (iii)
✔ B. (i), (ii) और (iii)
✘ C. केवल (i) और (iii)
✘ D. केवल (i) और (ii)

Q.65 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद पंचायतों के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के गठन का प्रावधान करता है?

Ans
✘ A. अनुच्छेद 243A
✘ B. अनुच्छेद 243H
✔ C. अनुच्छेद 243K
✘ D. अनुच्छेद 243D

Q.66 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 Q 3 S 9 P 2 R 8 = ?

Ans
✘ A. 19
✘ B. 9
✘ C. 11
✔ D. 15

Q.67 अगस्त 2025 में, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने निम्नलिखित में से किस संस्थान में भारत के अपने तरह के पहले अत्याधुनिक पशु स्टेम सेल बायोबैंक और पशु स्टेम सेल प्रयोगशाला का उद्घाटन किया?

Ans
✘ A. रसायन तंत्रज्ञान संस्था (ICT), मुंबई
✔ B. राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (NIAB), हैदराबाद
✘ C. राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RGCB), तिरुवनंतपुरम
✘ D. भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलोर

Q.68 पादपों में अतिरिक्त कार्बोहाइड्रेट किस रूप में संग्रहित होता है?

Ans
✘ A. सेल्यूलोज
✔ B. स्टार्च
✘ C. ग्लूकोज
✘ D. सुक्रोज

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.69 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।
WAIT - AWIT - WITA
TONE - OTNE - TNEO

Ans
- ✗ A. DEAL - EDAL - EALD
- ✓ B. RUSH - URSH - RSHU
- ✗ C. CASH - ACSH - HASC
- ✗ D. LURE - LRUE - ERUL

Q.70 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) G D U E Y Q E W P A E U S J F D A M B N U (दाएं)

दाएं से तीसरे अक्षर के बाएं से नौवां अक्षर कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. U
- ✗ B. P
- ✗ C. E
- ✓ D. A

Q.71 हिंदी में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित पार्वती तिर्की द्वारा लिखित पुस्तक 'फिर उगना (Phir Ugna)' किस साहित्यिक विधा से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. उपन्यास
- ✗ B. लघु कथाएँ
- ✓ C. काव्य
- ✗ D. निबंध

Q.72 मई 2025 में, भारत पाकिस्तान संघर्ष के समय भारत के सैन्य संचालन महानिदेशक (DGMO) कौन थे?

Ans
- ✓ A. लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई
- ✗ B. लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला
- ✗ C. लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह
- ✗ D. लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर

Q.73 $\sqrt{529} - \sqrt{1024} + 16^2$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 242
- ✗ B. 255
- ✗ C. 238
- ✓ D. 247

Q.74 यदि अमित 15 km/hr के बजाय 20 km/hr की चाल से चलता है, तो वह 25 km अधिक चल चुका होता। उसके द्वारा तय की गई वास्तविक दूरी क्या है?

Ans
- ✓ A. 75 km
- ✗ B. 90 km
- ✗ C. 60 km
- ✗ D. 50 km

Q.75 जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट, अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट की तुलना में कम हानिकारक क्यों है?

Ans
- ✓ A. यह प्राकृतिक रूप से टूट जाता है
- ✗ B. अपघटित होने पर यह आविष पदार्थ स्रावित करता है
- ✗ C. इसे अपघटित होने में बहुत समय लगता है
- ✗ D. इससे प्लास्टिक का उपयोग बढ़ता है

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.76 यदि ₹p की धनराशि पर, r% की वार्षिक साधारण ब्याज दर से r वर्षों में साधारण ब्याज ₹p है, तो $r^2 - 10r$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- A. 10
- B. 20
- C. 0 ✔
- D. 50

Q.77 उत्तर से दक्षिण तक भारत की लंबाई कितनी है?

Ans
- A. 3241 km
- B. 3142 km
- C. 3214 km ✔
- D. 3124 km

Q.78 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

Ans
- A. गोपाल कृष्ण गोखले
- B. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
- C. डब्ल्यू.सी. बनर्जी ✔
- D. दादाभाई नौरोजी

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सूत्रीविभाजन के परिणाम का यथार्थ रूप में वर्णन करता है?

Ans
- A. चार अगुणित संतति कोशिकाएँ उत्पन्न करता है
- B. युग्मक निर्माण के दौरान अनन्य रूप से होता है
- C. जनक कोशिका के समरूप दो द्विगुणित संतति कोशिकाएँ उत्पन्न करता है ✔
- D. गुणसूत्रों की संख्या को जनक कोशिका का आधा कर देता है

Q.80 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, GOLD का संबंध RZWO से है। उसी प्रकार, YGDV का संबंध JROG से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, FNKC का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- A. QYVN ✔
- B. QYNH
- C. QVNJ
- D. QVMI

Q.81 A, B और C किसी प्रोजेक्ट कार्य को अलग-अलग क्रमशः 10 दिन, 15 दिन और 20 दिन में पूरा कर सकते हैं। A और B कार्य करना शुरू करते हैं, लेकिन 3 दिन तक कार्य करने के बाद, A कार्य करना छोड़ देता है। इसके बाद, C, प्रोजेक्ट कार्य पूरा होने तक B के साथ मिलकर कार्य करता है। प्रोजेक्ट कार्य कितने समय में पूरा होगा?

Ans
- A. $7\frac{2}{7}$ दिन ✔
- B. $5\frac{2}{7}$ दिन
- C. $5\frac{7}{2}$ दिन
- D. $2\frac{5}{7}$ दिन

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.82 सात बॉक्स E, F, G, H, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। केवल H को E के ऊपर रखा गया है। E और S के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल F को U के नीचे रखा गया है। T को S के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
G और F के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.83 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'store math goal' को 'da sc ou' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'goal death wood' को 'sc ba gn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'goal' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. ou
- ✗ B. ba
- ✓ C. sc
- ✗ D. da

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-से दैनिक जीवन के उदाहरण हैं जहाँ हम उद्वाष्पन (evaporation) के कारण शीतलन महसूस करते हैं?
i. गर्मियों में स्वेदन आना
ii. गर्म चाय या कॉफी पर धमन वायु (Blowing air)
iii. मिट्टी के बर्तन (मटके) से शीतल जल

Ans
- ✗ A. केवल (i) और (ii)
- ✗ B. केवल (i) और (iii)
- ✓ C. (i), (ii) और (iii)
- ✗ D. केवल (ii) और (iii)

Q.85 एक त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा, उसकी सबसे छोटी भुजा की तीन गुनी है। उसकी तीसरी भुजा की लंबाई, सबसे छोटी भुजा से 2 cm अधिक है। यदि त्रिभुज का परिमाप 27 cm है, तो सबसे छोटी भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 5 cm
- ✗ B. 4 cm
- ✗ C. 6 cm
- ✗ D. 3 cm

Q.86 A, B, C, D, P, Q और R एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के दायीं ओर से गिनने पर, P और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q के दायीं ओर से गिनने पर, D और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, Q के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है। A, R के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है।
B के दायीं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. A
- ✗ B. P
- ✗ C. D
- ✗ D. R

Q.87 2022 के बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार, निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में गरीबी का अनुपात सर्वाधिक है?

Ans
- ✗ A. केरल
- ✗ B. पंजाब
- ✓ C. बिहार
- ✗ D. महाराष्ट्र

Adda247

**Q.88** पशुओं में पाई जाने वाली ऐच्छिक मांसपेशियों का दूसरा नाम क्या है?

Ans
- ✗ A. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
- ✗ B. अरेखित मांसपेशी (Smooth muscles)
- ✗ C. हृदयी मांसपेशियां (Cardiac muscles)
- ✓ D. कंकाल मांसपेशियां (Skeletal muscles)

**Q.89** नीति (NITI) आयोग के चर्चा-पत्र '2005-06 से भारत में बहुआयामी गरीबी' के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने वाले लोगों की सबसे अधिक संख्या किस राज्य में दर्ज की गई?

Ans
- ✓ A. उत्तर प्रदेश
- ✗ B. बिहार
- ✗ C. मध्य प्रदेश
- ✗ D. राजस्थान

**Q.90** एक भिन्न के अंश में 100% की वृद्धि तथा उसके हर में 50% की वृद्धि करने पर, परिणामी भिन्न $\frac{30}{21}$ प्राप्त होती है। मूल भिन्न क्या है?

Ans
- ✗ A. $\frac{12}{13}$
- ✗ B. $\frac{14}{15}$
- ✓ C. $\frac{15}{14}$
- ✗ D. $\frac{14}{17}$

**Q.91** एयरपोर्ट के निकट खुले मैदान में खड़े एक व्यक्ति ने देखा कि 100√3 m की नियत ऊँचाई पर उड़ता हुआ एक विमान उससे दूर जाता हुआ 4 सेकंड में कुछ दूरी इस प्रकार तय करता है कि उन्नयन कोण 60° से 30° हो जाता है। विमान की चाल m/sec में ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $50$
- ✗ B. $100$
- ✗ C. $50\sqrt{3}$
- ✗ D. $100\sqrt{3}$

**Q.92** जब किसी वस्तु को अनंत पर रखा जाता है तो उत्तल दर्पण द्वारा किस प्रकार का प्रतिबिंब बनता है?

Ans
- ✗ A. मुख्य अक्ष पर समान आकार का, वास्तविक और उलटा
- ✗ B. वक्रता केंद्र पर बड़ा, वास्तविक और उलटा
- ✓ C. बिंदु-साइज़, आभासी और सीधा
- ✗ D. दर्पण के सामने आवर्धित, आभासी और सीधा

**Q.93** निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात करें।

| अंक | 12 | 38 | 60 | 66 | 99 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्यां | 86 | 88 | 62 | 32 | 40 |

Ans
- ✓ A. 46
- ✗ B. 50
- ✗ C. 65
- ✗ D. 73

Adda247

Q.94 अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पुदुचेरी के प्रशासकों को ________ के रूप में नामित किया गया है।

Ans
- ✔ A. उप-राज्यपाल
- ✘ B. मुख्यमंत्री
- ✘ C. राज्यपाल
- ✘ D. राज्य प्रशासक

Q.95 संख्या 1359438 किससे विभाज्य है?

Ans
- ✘ A. 41
- ✔ B. 46
- ✘ C. 55
- ✘ D. 29

Q.96 एक सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन 'ब्रह्म समाज' की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?

Ans
- ✔ A. राजा राम मोहन राय
- ✘ B. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
- ✘ C. देवेन्द्रनाथ टैगोर
- ✘ D. स्वामी विवेकानंद

Q.97 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी खीरे, प्याज हैं।
सभी खीरे, आम हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ प्याज ,आम हैं।
(II) सभी आम, खीरे हैं।

Ans
- ✘ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✔ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Adda247

Q.98 निम्नलिखित में से किस देश ने नवंबर 2024 में UN फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UN Framework Convention on Climate Change) के 29वें कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP29) की मेजबानी की?

Ans
- ✔ A. अज़रबैजान
- ✘ B. मिस्र
- ✘ C. ब्राज़ील
- ✘ D. UAE

Q.99 जुलाई 2025 में, रूस के कैलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में किस भारतीय नौसेना पोत (INS) को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?

Ans
- ✔ A. आईएनएस तमाल (INS Tamal)
- ✘ B. आईएनएस तुशील (INS Tushil)
- ✘ C. आईएनएस उदयगिरि (INS Udaygiri)
- ✘ D. आईएनएस हिमगिरि (INS Himgiri)

Q.100 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GTY ANS UHM OBG ?

Ans
A. IBG
B. IAV
C. IBF
D. IVA